हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 फरवरी 2026

04 बजट में सरकार की विकास के लिए योजनाओं व...



07 तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज...





## खबर संक्षेप

### मालथौन में होने वाली जनसुनवाई स्थगित

**सागर।** सागर जिले के मालथौन विकासखंड में आगामी 03 फरवरी दिन मंगलवार को होने वाली विशेष जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार नवीन तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। अन्य विकासखंड में जनसुनवाई यथावत निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जाएगीं। इसी प्रकार कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई यथावत आयोजित की जाएगी।

### परीक्षा 2026 हेतु बैठक 4 फरवरी को

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा पत्र 2025-26 की परीक्षायें कमशः 10 फरवरी एवं 13 फरवरी से आयोजित हो रही है, परीक्षा के संचालन हेतु कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में संबंधित लोक सेवकों की बैठक 4 फनवरी को दोपहर 12.30 बजे महाकवि पद्माकर सभागार मोतीनगर सागर में आयोजित की जाएगी।

### ज्ञानोदय विद्यालय में करियर मार्गदर्शन सेमिनार संपन्न

**सागर।** स्थानीय तिली क्षेत्र स्थित अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय मे कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित किया गया। विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य की राह चुनते समय सही दिशा दिखाना था। कार्यक्रम में विज्ञान, कला और वाणिज्य संकायों के पचास विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक व वक्ता डॉ. सौमित्र पांडे ने विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के बाद उपलब्ध विविध करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने व्यावहारिक व प्रायोगिक ज्ञान पर जोर देते हुए बताया कि कैसे प्रचलित भ्रांतियों को दूर कर हर क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने छात्र जीवन की चुनौतियों और उनसे निपटने के व्यावहारिक तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की। वही विशिष्ट वक्ता डॉ. संदीप शुक्ला ने छात्रों के लिए करियर बनाने हेतु विविध क्षेत्रों पर प्रकाश डाला व आगे बढ़ने की राह दिखाई। उन्होंने सफलता के मार्ग को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उच्च माध्यमिक शिक्षक महेन्द्र कुमार लोधी, कैरियर गाईड प्रभारी सुरेन्द्र विश्वकर्मा, विनय वंशकार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सुरेन्द्र विश्वकर्मा नें अतिथि वक्ताओं का आभार प्रदर्शन करते हुये कहा कि करियर गाइड आत्मविश्वास बढ़ाकर लक्ष्य निर्धारण में सहायक होता है, सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी विषय और करियर का उचित चयन कर पाते हैं।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सरल आनलाइन प्रक्रिया

**सागर।** आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है।

**पोषण ट्रैकिंग में प्रगति न लाने पर परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करें**

## कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में इलाज करें सुनिश्चितः संभाग आयुक्त अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में इलाज सुनिश्चित करने, श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने, पोषण ट्रैकिंग में प्रगति न लाने पर सागर, टीकमगढ़, दमोह एवं पन्ना के परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने तथा गर्भवती माताओं के सभी परीक्षण समय पर कराने के निर्देश संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त राजेश शुक्ला सहित स्वास्थ्य, श्रम एवं महिला-बाल विकास विभाग के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त ने सागर संभाग के समस्त स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग एवं महिला-बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं महिला-बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से मरीजों, महिलाओं एवं बच्चों को बेहतर उपचार एवं संदर्भ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

संभाग आयुक्त अनिल सुचारीने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाली रोगी कल्याण समिति एवं पोषण समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से निर्धारित समय-सीमा में आयोजित की जाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण समय-समय पर सुनिश्चित करने तथा आवश्यक संदर्भ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिलाओं में एनीमिया एवं ब्लड प्रेशर की जांच तथा उपचार की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए।संभाग आयुक्त सुचारी ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर मध्यान्ह भोजन एवं नाश्ते के बीच पर्याप्त अंतर रखा जाए तथा पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने श्रम विभाग को ई-स्कूटर योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबल योजना एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता, सामान्य मृत्यु, दुर्घटना मृत्यु एवं अपंगता की स्थिति में देय राशि समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।




### रोजगार मेलों में विद्यार्थी प्रबंध, प्रदर्शन, मोल भाव तथा विपणन करना सीखते हैंः मनोज सिंह

**सागर।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की संभागीय बैठक का आयोजन पं दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में किया गया। डा सरोज गुप्ता प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया। संभागीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वामी विवेकानंद के मार्गदर्शन योजना के राज्य निदेशक मनोज सिंह ने कहा रोजगार मेलो में जब विद्यार्थी अपने उत्पाद का स्टॉल लगाते हैं तो विद्यार्थी प्रबंध, प्रदर्शन, मोल भाव तथा विपणन करना सीखते हैं । इस योजना को मै नए स्वरूप में ले जाना चाहता हूं जिससे तकनीकी हाथों का निर्माण किया जा सके। आपने सागर संभाग के सागर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, छतरपुर तथा निवाड़ी जिलों की समीक्षा करते हुए अच्छा कार्य करने वाले सागर, टीकमगढ़, पन्ना जिले को सराहा तथा अन्य जिलों को इन जिलों का अनुसरण करने की बात कही। विभिन्न जिलों से आए जिला नोडल ने अपना प्रतिवेदन राज्य निदेशक के समक्ष प्रेजेंटेशन के रूप में दिया । डॉ नीरज दुबे अति संचालक ने कहा की सभी महाविद्यालय रोजगार की जानकारी वाली रोजगार समाचार पत्र तथा मध्य प्रदेश रोजगार निर्माण पेपर के साथ प्रतियोगिताओं से संबंधित पुस्तकों को अनिवार्यतः अपने पुस्तकालय में रखें। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अन्य योजनाओं से इसलिए अलग है क्योंकि यह विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की योजना है। योग्यता, रुचि व विद्यार्थी की क्षमता के विकास के लिए यह योजना बनाई गई है। आरके गोस्वामी ओएसडी अति संचालक ने संभाग की समीक्षा बैठक में संभागीय प्रतिवेदन देते हुए स्वामी विवेकानंद योजना के अंतर्गत उपलब्धियां कार्यों व सुझाव पर चर्चा की साथ ही आपने भारतीय ज्ञान परंपरा, आई गॉट कर्मयोगी, ए डी ई पी तथा ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन विषयों के संबंध में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। सागर जिले का प्रतिवेदन देते हुए डॉ अमर कुमार जैन जिला नोडल अधिकारी ने आई टी आई के साथ प्रदेश स्तर पर एम ओ यू करने का सुझाव दिया साथ ही जिले में विभिन्न महाविद्यालय द्वारा ड्रोन जेसीबी, पेंटिंग, मशरूम खेती, तथा जैविक खेती के संबंध में जानकारी दी। संभागीय समीक्षा बैठक में 6 जिलों के अग्रणी प्राचार्य, 6 जिला नोडल अधिकारियों सहित 40 टी पी ओ ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन आरके गोस्वामी ओएसडी तथा आभार डॉ प्रवीण श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय रहली ने किया।

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो वृत्तियों को शांत कर हमें स्वयं से जोड़ती हैः डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




भारतीय स्त्री शक्ति सागर एवं महिला पतंजलि योग समिति सागर के संयुक्त तत्वावधान में "प्रान्तीय महिला सम्मेलन" के अवसर पर "योग आधारित शिक्षा विद्यार्थी जीवन के परिप्रेक्ष्य में" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तदोपरांत मुख्य अतिथि, भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो वृत्तियों को शांत कर हमें स्वयं से जोड़ती है। योग आधारित शिक्षा का अर्थ यह नहीं है कि हम केवल कक्षा में योग कराएं, बल्कि इसका अर्थ है-शिक्षा को संस्कार और स्वास्थ्य से जोड़ना। यदि हम एक स्वस्थ और समर्थ भारत चाहते हैं, तो हमें योग को अपने पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाना ही होगा। योग हमें हार सहना और विपरीत परिस्थितियों में शांत रहना सिखाता है। जब योग आधारित शिक्षा हमारे जीवन का आधार बनेगी, तभी ''पढ़ेगा भारत और बढ़ेगा भारत''। जब शरीर स्वस्थ और मन शांत होता है, तो आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है। बुद्धि का विकास तब तक अधूरा है, जब तक मन शांत न हो। आज हर व्यक्ति मानसिक तनाव, एकाग्रता की कमी और भविष्य की अनिश्चितता से भी जूझ रहे है। ऐसे में योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, महिला पतंजलि योग समिति, हरिद्वार की केन्द्रीय प्रभारी-परम पूज्य साध्वी देव अदिति ने कहा कि जब हम 'भारतीय स्त्री शक्ति' के परिप्रेक्ष्य में योग आधारित शिक्षा की बात करते हैं, तो यह केवल स्वास्थ्य की बात नहीं, बल्कि 'सशक्तिकरण' की बात है। योग केवल लचीलापन नहीं, बल्कि शक्ति भी देता है। यह हमारे जीवन में आत्मविश्वास भरता है ताकि हम हर चुनौतियों का सामना कर सकें। योग मार्गदर्शिका बताती है कि योग से आत्म-बल बढ़ता है। योग हमें सिखाता है कि स्वयं को सशक्त बनाना कितना महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल वह नहीं जो 'अंक' दिलाए, बल्कि वह है जो 'आत्मबोध' कराए। हमें योग को एक कालखंड के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवन शैली के रूप में अपनाना होगा।

### नगरीय क्षेत्रों की पेयजल योजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण कराएंः कमिश्नर

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में के नगरीय क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए है। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों में निर्माणाधीन अथवा स्वीकृत पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य में आने वाले गतिरोधों को दूर कराएं तथा पेयजल योजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज नगरीय प्रशासन विभाग के संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।कमिश्नर ने नगरीय क्षेत्रों के हितग्राहियों के लिए संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने ग्राम नगर निवेश विभाग द्वारा नगर निवेश योजनाओं की भी समीक्षा की। कमिश्नर द्वारा खजुराहो, टीकमगढ़, ओरछा विकास योजना पर भी चर्चा की।

**विप्र वैवाहिक पत्रिका विमोचन एवं मेधावी सम्मान समारोह**

## धर्म बचाना है तो ब्राह्मण को एकजुट रहना आज की आवश्यकताः भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




रविवार को रविन्द्र भवन सागर में आयोजित हुए ब्राह्मण समाज के मेधावी सम्मान समारोह एवं वैवाहिक पत्रिका विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक पं.गोपाल भार्गव ने कहा आज सारे समाज वर्ग एक हैं और संगठित है। इसलिए उनकी चारों तरफ सुनी जाती है । बिखरे हुए हैं वोट बैंक नहीं है इसलिए संवैधानिक व्यवस्था में हम पीछे धकेले जा रहे। सारे नियम कानून ब्राह्मणों के खिलाफ बन रहे चूंकि हम पुरातन काल से धर्मप्रदर्शक रहे तो हमें टारगेट करने लोग सनातन धर्म पर ही कुठाराघात करने लगे। इसलिए अब समय आ गया परिस्थितियां विपरीत है तो धर्म बचाने ब्राह्मण को एक होना ही पड़ेगा। आगे उन्होंने ब्राह्मणों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर विस्तृत बातें रखीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसवीएन विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ अनिल तिवारी ने कहा ब्राह्मण समाज वो समाज है जो सबकी भलाई का ठेका सा लिए रहता है पर ब्राह्मण का हित चिंतन ना कोई सरकार करती है ना राजनीतिक दल करते है और इसलिए विवाह पत्रिका और ये सम्मान समारोह सिर्फ एक माध्यम है सरकार और उसके कर्णधारों को चेताने ऐसे आयोजन और एकता प्रदर्शन होते रहे चाहिए।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भोपाल से पधारी जीवन समन्वय सलाहकार डॉ स्वाति तिवारी ने कहा आज के इस कार्यक्रम में नारी सशक्ति करण की मिशाल देखने मिल रही है सम्मान समारोह में शामिल विद्यार्थियों में बालक से ज्यादा बालिकाएं दिख रही हैं मैं आवाहन करती हूं इन होनहार बेटियों से की उच्च शिक्षा प्राप्त करके आगे सरकार और प्रशासनिक पदों पर पहुंचे और ब्राह्मण समाज का नाम रोशन करें।

विशिष्ट अतिथि नगर महापौर संगीता तिवारी ने कहा समाज को आपसी मतभेद से परे होकर समाज का उत्थान खुद करना पड़ेगा तभी आर्थिक उन्नति होगी।केंद्रीय विवि के उप रजिस्टार पं.संतोष सोहगौरा ने कहा शिक्षा व्यवस्था को राजनीति से मुक्त रहना चाहिए यूजीसी जैसे कानून बच्चों में मतभेद बढ़ाने का काम करेंगे ऐसे कानून सरकार को नहीं लाने चाहिए। पं.अमित रामजी दुबे ने कहा ऐसी भव्य व्यवस्था किसी कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज ही कर सकता है हमसे ही दूसरे प्रेरणा लेते हैं गुलाबी पगड़ी, मोती माला,बनारसी शाल मेटल और सम्मान पत्र लिए विद्यार्थी आज अलग ही नजारा बिखेर रहे है। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं.राम अवतार पाण्डेय ने समाज द्वारा किए गए विभिन्न आयोजनों और आगामी रूपरेखा प्रस्तुत की। पुरोहित पुजारी संघ के संभागीय अध्यक्ष पं.राजेंद्र प्रसाद पांडेय सानौधा ने कहा हमारा संगठन पंचांग प्रकाशन, मेधावी सम्मान, पत्रिका प्रकाशन कार्यक्रम निरंतर कर रहा है। रिछारिया ग्रुप के डायरेक्टर पं.प्रमेंद्र गोलू रिछारिया ने कहा शीघ्र ही ब्राह्मण समाज का विस्तृत भवन तैयार होने जा रहा है और आगे कुछ समय बाद सभी कार्यक्रम वहीं से सम्मान होंगे। अभिषेक पुरोहित ने कहा समाज के युवा वर्ग को आगे आकर आयोजनों समाज बैठकों में सहभागिता करनी चाहिए।

कार्यक्रम को डॉ जी एस चौबे, पं.प्रवीण कुमार पाण्डेय, सुश्री दीपा तिवारी ने भी संबोधित किया, इससे पहले भगवान परशुराम जी का पूजन हुआ जिसमें पं.बालमुकुंद शास्त्री, पं.दिनेश पाण्डेय, डॉ देवेंद्र गुरु, शिवम शास्त्री, राजा मिश्रा, श्रीराम दुबे, डॉ प्रमोद शास्त्री, सुरेंद्र मिश्रा, शिवम पांडेय,आदि विद्वानों ने मंत्रोच्चार किया। स्वागत भाषण पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने दिया, संचालन शिवसेना उपराज्य प्रमुख पं.पप्पू तिवारी और पं.मनोज पाण्डेय ने किया, आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम आयोजक युवा सर्व ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने पत्रिका प्रकाशन और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सबके सामने रखी।



### अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी पर पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियां शुरू, मुनि संघ का मंगल आगमन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के जैन तीर्थ क्षेत्र अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी में आगामी 16 मार्च से 21 मार्च तक आचार्य विशुद्ध सागर जी मुनिराज के मंगल सानिध्य में होने वाले पंचकल्याणक महा महोत्सव की तैयारियां उत्साह के साथ की जा रही हैं। नगर का माहौल धर्ममय बना हुआ है। इसी संदर्भ में श्रवण श्री प्रशम सागर जी मुनिराज, श्रवण श्री प्रणेय सागर जी व श्रवण श्री योग्य सागर जी मुनिराज का मंगल आगमन चौधरी जैन मंदिर जी में हुआ। मुनिसंघ की मंगल अगवानी जैन मित्र मिलन संघ, मुनि सेवा समिति, महिला मंडल, पाठशाला परिवार, बालिका मंडल एवं सभी समाज जनो ने मिलकर की। जगह-जगह पर मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया गया एवं द्वारों पर रंगोली सजाई गई। साहिल सिघई, तरुण बालाकोट, सक्षम सिंघई व सानिध्य भैया घोड़े पर धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे । मुनि श्री प्रशम सागर जी मुनिराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि पंचकल्याणक महोत्सव एक आध्यात्मिक महोत्सव है। इसमें शामिल होने से अतिशय पुण्य का बंध होता है एवं आत्मिक शांति, मानसिक सकारात्मकता व सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है। यह जीवन को पवित्र बनाकर अच्छाई का मार्ग प्रशस्त करता है। मुनि श्री कोआहार करने का सौभाग्य प्रवीण सिंघई, चौधरी जवाहरलाल व संजय चौधरी को मिला। इस अवसर पर आशीष चौधरी, सुनील सेठ, विमल चौधरी, मुकेश सिंघई, प्रियंक सिंघई, अंकित चौधरी, प्रशांत सिंघई, प्रवीण सिंघई, महेंद्र सेठ, सुशील पटवारी, अनुज चौधरी, आदेश सेठ, विवेक ऊंटखेरे, सौरव बर्तन आदि समाज जन उपस्थित थे।

## मामूली विवाद पर एक लड़के की हत्या : सीने में मारा कटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर शहर में आपसी विवाद में 17 वर्षीय किशोर की हत्या का मामला सामने आया है। घटना दीनदयाल तिगड्डा के पास हुई, जहां गाली-गलौज को लेकर हुए विवाद में एक नाबालिग ने दूसरे नाबालिग के सीने पर कटर मार दिया। मृतक की पहचान सूबेदार वार्ड निवासी अंकुश अहिरवार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, अंकुश अहिरवार (17) रविवार रात दीनदयाल तिगड्डा के पास अपने एक परिचित नाबालिग के साथ बैठा था। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और वे एक-दूसरे को गालियां देने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने कटर लगने से अंकुश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने तुरंत अपनी मां रेखा बाई को फोन लगाया और बताया कि मेरा विवाद हो गया है। घटना के बाद अंकुश के साथी उसे बाइक से अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि आपसी विवाद में धारदार हथियार से हमला कर नाबालिग की हत्या की गई है। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। मृतक और आरोपी आपस में परिचित थे।

पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया और आगे की कार्रवाई शुरू की। यह घटना सागर में आपसी विवाद और हिंसा की बढ़ती घटनाओं को दर्शाती है, जिससे लोगों में दहशत फैल गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपी को सजा दिलाने का आश्वासन दिया है।



### आनंद प्राप्ति के लिए स्वयं प्रयास करना पड़ता है, कोई और यह नहीं दे सकता हैः प्रेमभूषण महाराज

**सागर।** आनंद स्वयं लेना पड़ता है, हमें अन्य कोई आनंदित नहीं कर सकता है। हम अवश्य विचार करें कि हमें देव दुर्लभ मानव शरीर मिला है और सभी अंग अच्छे ढंग से कार्य कर रहे हैं तो इससे बड़ा आनंद और क्या हो सकता है? जहां भगवत चर्चा होती है वहां मनुष्य के साथ ही साथ प्रकृति भी आनंदित हो जाती है और इसकी हमें अनुभूति भी होती है। उक्त बातें मध्य प्रदेश के सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा गायन के तीसरे सत्र में पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा गायन के क्रम में कहा कि मनुष्य के जीवन में उत्सव के कई अवसर आते हैं और हर अवसर को उत्साह के साथ मनाने वाला ही आनंद की अनुभूति कर पाता है। आनंद की कोई सीमा नहीं होती है और इसीलिए हिंदी साहित्य में आनंद का कोई विलोम नहीं है आनंद हम उस स्थिति को कहते हैं जब जीव अपने शारीरिक बंधनों से परे हटकर अति सुखदायी स्थिति की अनुभूति करता है। पूज्य महाराज श्री ने कहा कि आनंद के लिए कोई विशेष परिस्थिति की भी आवश्यकता नहीं होती है। एक ही परिस्थिति में कोई दुख में रहता है तो कोई उसी में आनंद की अनुभूति भी कर लेता है। यह व्यक्ति के ऊपर निर्भर करता है कि वह किसी भी परिस्थिति को किस प्रकार से स्वीकार कर रहा है। अगर आपके घर में बच्चे हैं, तो आपके पास आनंद प्राप्त करने का एक विशेष साधन प्राप्त है। बच्चों के साथ समय व्यतीत करने वाले अभिभावक सौभाग्यशाली होते हैं, क्योंकि बड़े होकर वही बच्चे पढ़ने के लिए दूर चले ही जाते हैं। महाराज जी ने रामकथा में धनुषभंग और श्री सीता राम विवाह के प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि इस धरा पर प्रभु श्री राम जो चाहते हैं वही होता है। राम जी की मर्जी के बिना संसार में कुछ भी नहीं होता। लेकिन साढ़े तीन हाथ का मनुष्य यह सोचता है कि यह सब मैंने ही किया है। मैं का यह भ्रम ही माया है। इस माया के वश में मनुष्य यह भी स्वीकार नहीं करता है कि यह भगवान की कृति है। जैसे भी भगवान का साक्षात्कार हो जाए तो जीव को सद्गति प्रदान कर देते हैं भगवान। राक्षसी ताड़का को भी भगवान ने सद्गति ही प्रदान कर दी थी।पूज्य श्री ने कहा कि सुख मन की स्थिति है और आनंद हृदय की स्थिति है। यह दोनों किसी व्यक्ति को कोई और नहीं दे सकता है, इसे स्वयं प्राप्त करना होता है। विषयी को विषयों में आनंद आता है और भजनानंदी को भजन में आनंद आता है। हमें स्वयं तय करना होता है कि हमें कैसा सुख और कैसा आनंद चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल का अगला चक्का ले गया बदमाश

**ललितपुर।** नहर के पास मोहल्ला पिसनारी में रहने वाले उमाशंकर पुत्र दयाराम विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 जनवरी की रात उसकी हीरो पेशन प्रो मोटर साइकिल घर के बाहर खड़ी हुयी थी, जिस पर देर रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी मोटर साइकिल का अगला चक्का खोलकर ले गया था। अगले दिन सुबह उसने देखा कि बाइक का चक्का नहीं है तो उसने सीसीटीवी कैमरे में फुटेज देखी तो पाया कि कुंवरपुर व हाल पिसनारी निवासी भरत पुत्र जयसिंह द्वारा मोटर साइकिल का चक्का खोलकर चोरी कर रहा है।

### उधारी के रुपए वापस मांगने पर मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर मुडिया में रहने वाले मोतीलाल पुत्र हरलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 जनवरी शनिवार की रात करीब 8 बजे वह अपने खोखा दुकान में बैठा था। तभी गांव के नीतेश पुत्र बालकिशन आया, जब उसने नीतेश से उधारी के पांच हजार रुपये मांगे तो नीतेश ने उसे गालियां देते हुए मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी उपासना व पुत्र सौरभ आ गये, तभी बालकिशन पुत्र छिदामी उर्फ कंछेदी व फूलबाई पत्नी बालकिशन भी आ धमके और उक्त लोगों ने एकराय होकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल 112 पर डायल कर पुलिस को दी।

### शराब पीने को रुपए न देने पर जानलेवा हमला

**ललितपुर।** एम्ब्रोसिया कॉलोनी के मकान नम्बर ए-13 में रहने वाले रविकान्त सोनी पुत्र स्व.प्रभुदयाल सोनी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 20 जनवरी को को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह सुपर मार्केट से अपने घर जा रहा था, तभी नदीपुल के पास मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी यशराजा उर्फ मुक्कू पुत्र भगवान सिंह, मछली मार्केट नदीपुरा निवासी सुभाष कुशवाहा उर्फ माटू पुत्र अशोक कुशवाहा ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए तीन हजार रुपयों की मांग करने लगे। रुपये न देने पर उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

### महिला ने साथी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**ललितपुर।** एचडीएफसी बैंक में पीबी पर्सनल बैंकर डिप्टी मैनेजर पद पर कार्यरत महिला कर्मी ने साथ काम करने वाले युवक पर आये दिन प्रताड़ित करने, बदनाम करने और शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इलाइट चौराहा से राजघाट रोड स्थित कपिल मैरिज गार्डन के पास रहने वाली परवीन खातून पत्नी नवाज रहिमतुल्ला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साथ एचडीएफसी शाखा में तैनात विक्रम बुन्देला पुत्र कृपाल सिंह बुन्देला उसे आये दिन प्रताड़ित करता आ रहा है। आरोप है कि उसके द्वारा विरोध करने पर विक्रम बुन्देला उसे बदनाम करने इत्यादि की धमकी देता है। शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करता है। बताया कि बीती मई 2025 में भी विक्रम बुन्देला ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसका सीसीटीवी वीडियो उसके पास मौजूद है। यह भी आरोप है कि विक्रम बुन्देला उसके साथ गालियों के साथ अभद्र और अश्लील टिप्पणी करता है।

### मालवा एक्सप्रेस से यात्री का मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** पंजाब राज्य के पटियाला जिले की नगर कोतवाली एसएसटी निवासी निलेश पुत्र नवल कालड़ा ने जीआरपी को लिखित तहरीर में बताया कि बीती 4 जनवरी को वह 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-2 की सीट संख्या 31 पर अम्बाला से इन्दौर के लिए यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन आने के पांच मिनट पहले ही उसने नींद से जागकर देखा तो उसकी तकिए के नीचे रखा एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये थी, तकिए के नीचे नहीं मिला।

व्यापारियों, किसानों, मजदूरों, अधिवक्ताओं, आर्थिक विशेषज्ञों व कार्यकर्ताओं के साथ बजट सुना

# बजट में सरकार की विकास के लिए योजनाओं व नीतियों का समर्थन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में केन्द्रीय बजट का सीधा प्रसारण सुना गया। संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया ने किया। देशहित में प्रस्तुत बजट कार्यक्रम को सभी व्यापारियों, किसानों, मजदूर, अधिवक्ताओं, आर्थिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया। सभी ने एकजुट होकर बजट को सुना और देश के विकास के लिए सरकार की योजनाओं और नीतियों का समर्थन किया।

यह कार्यक्रम हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था। जिसमें हमने देश के भविष्य के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधि गण, पार्टी पदाधिकारी,मातृशक्ति एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बजट के तीन प्रमुख विन्दू प्राडिक्टिविटी बढ़ा कर आर्थिक सुधार की गति को बल देना,आम लोगों की प्रतिभा को निखारने का काम कर उन्हें देश की प्रगति में भागीदारी का अवसर प्रदान करना एवं सबका साथ मूल वाक्य का अनुसरण कर सबको संसाधन उपलब्ध कराने की प्राथमिकता पर विचार करना ताकि विकास की रोशनी अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे।इस वजट में अन्त्योदय को ध्यान में रखते हुए खादी एवं। हस्तशिल्प को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गांधी ग्राम समाज की पहल की है ।इसके अलावा इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन टू एवं फार्मा के क्षेत्र में विशेष बढ़ावा देने की बात रखी गई है।



जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि यह बजट हमारे ध्येय वाक्य अंतिम सीढ़ी तक रोशनी पहुंचाने के संकल्प के हिसाब से सर्व व्यापी, सर्वस्पर्शी है जो समाज के हर वर्ग गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी खासकर मध्यम वर्ग को ध्यान में रख कर वनाया गया है जिसमें कृषि, उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा इत्यादि हर क्षेत्र में बल देने का कार्य किया गया है जिसमें सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने की बात है। उन्होंने कहा कि प्रसंस्करण, अनुसंधान और विनिर्माण में दुर्लभ धातुओं का प्रयोग किया जाता है जिसमें हम लोगों की निर्भरता ज्यादातर चीन सहित अन्य कई देशों पर है । इसीलिए दुर्लभ धातु के खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान, विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए दुर्लभ धातु गलियारों की स्थापना के उद्देश्य से खनिज समृद्ध ओड़ीसा,केरल,आन्ध्र प्रदेश, तामिलनाडु को विशेष सहायता देने का प्रावधान किया गया है।इससे इस क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।घरैलू रसायन उत्पादन में भी मदद होगी।

श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि आम आदमी को लाभ देने हेतु वायो फार्मा क्षेत्र में दस हजार करोड़ रुपए के भारी-भरकम बजट की व्यवस्था की गई है एवं कैंसर और शुगर इत्यादि सहित सात प्रमुख जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता वनाने का कार्य किया गया है। बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने कहा कि अनुसूचित जनजाति को पांच साल तक कर मुक्त रखने का प्रस्ताव रखा गया है। आयकर के रिटर्न भरने को और सरली करण करने का कार्य किया गया है।सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि सरकार ने इस बजट में पशुपालन क्षेत्र में भी खूब ध्यान रखा गया है । इसके लिए वीस हजार पशु डाक्टर चयनित करने का प्रस्ताव रखा गया है।निजी क्षेत्र में पशु रोग विशेषज्ञ,पैरा पशु शल्य महाविद्यालय,पशु अस्पताल, नैदानिक प्रयोगशालाओं,और प्रजनन सुविधाएं ध्यान में रख कर बजट जारी किया गया है।यह वजट सबके हितों के देख कर वनाया गया है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली विवेक जैन,एस आर आई प्रमुख हरीराम निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, महेश श्रीवास्तव भैया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार खटीक, कौस्तुभ चौबे, प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय,व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, मोहनलाल रैकवार जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया, धर्मेन्द्र कुमार पाठक, हरी सिंह बुंदेला, हरीराम सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, कार्यक्रम सह संयोजक किंजल्क हुड्डैत,जिला मंत्री निखिल रामकुमार तिवारी,रजनी अहिरवार, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, अवतार सिंह लोधी एड, आदर्श श्रीवास्तव,आकर्ष श्रीवास्तव, मनविंदर कौर, पार्वती खटीक, मोर्चा अध्यक्ष गण श्रीमती लक्ष्मी रावत,सुरेन्द्र प्रताप रजक, ध्रुव सिंह सिसौदिया,अजय जैन साईकिल, कमलापति रिछारिया,रुपेश साहू, दीपक पाराशर, अनुपम चौबे, नगर मंत्री रोहित रावत, विवेक जिमि जैन ,जैनेन्द्र सिंघई, विजय जैन, संजय रसिया, संतोष इमलया, मनीष सड़ैया आदि मौजूद रहे।

बजट 2026 नफा और नुकसान का संचित विश्लेषण

## किसान व ग्रामीणों को साधने की गई कवायदः श्रीवास्तव



आम इंसान की जिंदगी को नाकाफी हैं, राहत की बौछारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत का बजट 2026 केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक दिशा और भविष्य की प्राथमिकताओं का घोषणा पत्र है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापार युद्धों, टैरिफ संकटों और मंदी की आशंकाओं से जूझ रही है, तब भारत ने इस बजट के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह विकास, वित्तीय अनुशासन और सामाजिक स्थिरता को साथ लेकर आगे बढना चाहता है। यह बजट किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों को ठोस राहत देता है, कर ढाँचे को सरल बनाता है और पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक बृद्धि कर दीर्घकालीन विकास की नींव रखता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठाता है कि क्या तात्कालिक रोजगार संकट और महँगाई जैसी चुनौतियों का समाधान इसमें पर्याप्त रूप से मौजूद है।

**फायदा**

कर ढांचे में सरलता- नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 कर प्रणाली को आसान बनाता है, जिससे आम परिवारों को समझने और पालन करने में सुविधा होगी। महिलाओं और युवाओं पर ध्यान, कौशल विकास, उद्यमिता और सामाजिक योजनाओं में निवेश बढ़ा है, जिससे परिवार के युवा और महिलाएँ नए अवसर पा सकते हैं। किसानों के लिए राहत- 1.37 लाख करोड़ का सीधा आवंटन, एमएसपी की गारंटी और पेंशन योजनाएं, ग्रामीण परिवारों को स्थिर आय का सहारा। इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, सड़कों, सिंचाई और भंडारण पर खर्च बढने से ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा।

**नुकसान**

सीधी कर राहत की कमीः मध्यम वर्ग को टैक्स में तात्कालिक राहत नहीं मिली, जिससे मासिक बजट पर दबाव बना रहेगा।

**महंगाई का असर**

रोजमर्रा की जरूरतों (खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य) पर खर्च कम करने के लिए ठोस कदम सीमित हैं। स्वास्थ्य और शिक्षाः घोषणाएँ हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर असर अभी भी अधूरा है। पुराने वादों की पुनरावृत्ति-कई योजनाएँ पहले से चल रही हैं, जिससे यह बजट नई बोतल में पुरानी शराब जैसा प्रतीत होता है।

**निष्कर्ष**

ग्रामीण परिवारों और किसानों को इस बजट से अपेक्षाकृत अधिक राहत मिली है। शहरी मध्यम वर्ग को कर और महँगाई से तात्कालिक राहत कम मिली है। दीर्घकालीन विकास और वित्तीय अनुशासन पर सरकार का जोर है, लेकिन आम परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी में राहत सीमित है।

## दबंगों पर खाली पड़े प्लाट पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया, पुलिस से की कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग रावतयाना में रहने वाले पीयूष रैकवार पुत्र स्व.बालचंद्र रैकवार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दबंगों द्वारा उसकी जमीन पर जबरन अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पीयूष ने बताया कि उसका रावतयाना बाईपास हाई-वे रोड पर एक प्लाट जो कि 100 वाई 52 का है, जिसका नम्बर 6509 व 6510 है। पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन उसकी पैतृक सम्पत्ति है। इस जमीन पर नेहरू महाविद्यालय के गेट नं. 2 के सामने रहने वाले दबंग जबरन कब्जा कर रहे हैं। आरोप है कि रविवार को उक्त लोगों ने उसके





प्लाट पर जाकर जबरन बोर करा दिया है, जब उसने अपने प्लाट पर उक्त लोगों से बोर कराने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि चार अज्ञात बदमाशों ने उसे दौड़ाकर मारने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग जमीन पर अवैध कब्जा कर उसकी बाउण्ड्रीबाल पर अपना नाम लिखवा दिया है, जससे वह काफी परेशान है। पुलिस से मामले में जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग उठाई है।

## भंडारे का सामान लेकर ट्रैक्टर से लौट रहे युवकों पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भंडारा समाप्त कर प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर लौट रहे युवकों को बीच रास्ते में रोकते हुये जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देकर अपमानित करने, मारपीट कर धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में घायल युवकों के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस चौकी अमरपुर गल्ला मण्डी क्षेत्र के ग्राम विघामहावत में रहने वाले राकेश पुत्र प्यारेलाल ने तहरीर देकर बताया कि बीती तीस जनवरी को गांव में स्थित माता मंदिर पर अहिरवार समाज का सामूहिक भण्डारा था। भण्डारा उपरान्त रात करीब 8.30 बजे उसका पुत्र देशराज व गांव का शिवचरन पुत्र खरगे अपने गांव प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर वापस लौट रहा था। आरोप है कि वह जैसे ही गांव में पहुंचा तो बलवंत सिंह ने अपने मकान के सामने बीच रोड पर मोटर साइकिल लगा दी। बलवंत से जब मोटर साइकिल हटाने की बात कही तो बलवंत सिंह पुत्र सिंधुसिंह राजपूत, कल्लू पुत्र रूप सिंह, राजन पुत्र बाबू, लखन पुत्र देशपत, प्रभु पुत्र प्रीतम, निहाल पुत्र सूरज सिंह लोधी ने एकराय होकर अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा व कुल्हाड़ी लेकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगे। मोटर साइकिल बीच रोड से हटाने और गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने देशराज व शिवचरन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हमले में शिवचरन का सिर फट गया तो वहीं देशराज को भी काफी चोटें आयीं। घटना को देख ट्रॉली में सवार लोगों ने जब हमलावरों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। शोरगुल सुनकर कृष्णपाल पुत्र रमू अहिरवार, शिवदीन पुत्र खरगे, बब्बू पुत्र मिटठूलाल, ललनजू पुत्र जुरऊ एवं ट्रैक्टर में बैठे लोगों ने देखा।

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद बड़ौनिया पंचतत्व में विलीन

पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती के करीबी राजनीति में था बड़ा कद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष महरौनी नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम बड़ौनिया के ससुर और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के महरौनी तहसील अध्यक्ष दुष्यंत बड़ौनिया के पिता प्रमोद बड़ौनिया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। स्व. प्रमोद बड़ौनिया की पहचान समाजसेवी, अनुभवी राजनेता और पूर्व सांसद साध्वी उमा भारती के करीबियों मे होती है। वे अपने सरल स्वभाव, स्पष्ट विचारधारा, सामाजिक प्रतिबद्धता एवं जमीनी राजनीति के लिए जाने जाते रहे हैं।

उनका संपूर्ण जीवन समाज, संगठन और जनसेवा को समर्पित रहा है। प्रमोद बड़ौनिया का राजनीतिक सफर भारतीय जनता पार्टी से आरंभ हुआ। प्रारंभ से ही वे सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठन से जुड़े रहे और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजनीतिक परिस्थितियों के चलते वे कुछ समय के लिए समाजवादी पार्टी एवं बाद में जनशक्ति पार्टी से भी जुड़े। किंतु उनका राजनीतिक और भावनात्मक जुड़ाव सदैव अपनी दीदी सुश्री उमा भारती जी के साथ बना रहा। सुश्री उमा भारती कृ जो मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री तथा झांसी-ललितपुर की पूर्व सांसद रह चुकी प्रमोद बड़ोनिया को अपना छोटा भाई मानती हैं। दोनों का संबंध केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि पारिवारिक एवं आत्मीय रहा है। उमा भारती के साथ उन्होंने वर्षों तक राजनीति की और उनके संघर्षों, आंदोलनों एवं अभियानों में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। बाद में वे पुनः भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्व. प्रमोद बड़ौनिया ललितपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष भी रहे है। उन्होंने अपनी पत्नी को निविरोध ब्लॉक प्रमुख बनवाया, जो उनकी राजनीतिक क्षमता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा। जहाँ उन्होंने विकास, जनकल्याण एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े अनेक कार्य किए। उनके कार्यकाल में ग्रामीण विकास, सडक़, जल, शिक्षा एवं सामाजिक योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

उन्होंने अपनी बहू को महरौनी नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जिताने में भी निर्णायक भूमिका निभाई, जो उनकी राजनीतिक सूझबूझ, संगठन क्षमता और जनसमर्थन को दर्शाता है। स्व. प्रमोद बड़ौनिया कलार/कल्चुरी समाज समिति ललितपुर के संरक्षक रहे हैं। समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और एकता के लिए उन्होंने आजीवन कार्य किया। उनकी अंतिम यात्रा में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, मुन्नालाल जैन अभिलाषा, दरयाव सिंह, सम्राट राजा, सुरेन्द्र जैन डल्ली, संटू राजा, अफजुल मेम्बर, सूर्यकांत त्रिपाठी, आनंद पंडा, अभय श्रीमाली, शैलेन्द्र कुमार, विनय ताम्रकार, विपिन महराज, शैलेन्द्र नायक, सौरभ राजा, भोले राजा तिसगना, डॉ. विक्रांत तोमर, वीर सिंह सिंगेपुर, सुभाष जायसवाल, पवन जायसवाल, धर्मेन्द्र परमार आदि शामिल हुए।

## प्रोजेक्ट नई किरण ने 3 परिवार का पुनर्मिलन कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन हुआ, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 03 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 03परिवार खुशी खुशी साथ साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया 05 विवादित मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है । इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के



सदस्य अजय बरया, डॉ एस पी पाठक, सुभाष जैन डॉ जनक किशोरी शर्मा एड अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में अपर पुलिस अधीक्षक महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी महिला हेका आशा देवी व महिला आरक्षी सिमरन आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एमएलए कप 2026ः राज एलेवन ललितपुर इलेवन ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में हुये मैचों में तीन टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहले मैच में राज इलेवन व मिर्चवारा क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये राज इलेवन ने 12 ओवर खेलते हुये 6 विकेट खोकर 138 रन का लक्ष्य रखा। मिर्चवारा क्लब ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 109 रन ही बना पायी और मैच राज एलेवन के खाते में चला गया। दूसरा मैच गायधाम इलेवन व ललितपुर एलेवन के बीच खेला गया। बल्लेवाजी करते हुये गायधाम एलेवन ने 12 ओवर 6 विकेट खोकर 138 रन बनाये, जिसमें रोहित प्यासा के शानदार लगातार 6 छक्के शामिल रहे। ललितपुर इलेवन ने 11.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 143 रन बनाकर जीत हासिल की। हार की मुख्य वजह क्षेत्ररक्षण में कमजोरी रही। मख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा उपस्थित रहे। अतिथियों शकुंतला कुशवाहा, नगर अध्यक्ष भाजपा भगत राठौर, बार मंडल अध्यक्ष हरपाल सिसौदिया, बालकिशन राजपूत रहे। गेंदबाजी/बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विक्रांत और आकिब रजा को आयोजक श्रीकांत कुशवाहा द्वारा शील्ड व नकद पुरस्कार देकर खिलाडिय़ों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पुरुषोत्तम कुशवाहा, राजू कुशवाहा, सुजान कुशवाहा, दीपक राठौर, राहुल राजपूत, बब्बूराजा चौबयाना, मोहन पेंटर, दीपेश राय, धर्मेंद्र परमार, अनुराग कंचन, सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा नगर भ्रमण किया

## रथ का किया स्वागत, प्रेम-सेवा व कौमी एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री सत्य साईं सेवा संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का नगर में भव्य भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों द्वारा रथ यात्रा का पुष्पवर्षा, पुष्पांजलि एवं सम्मान के साथ स्वागत किया गया। रथ यात्रा का प्रमुख स्वागत राजपूत कॉलोनी में किया गया, जहां रजनीश पुरोहित, डी.एस.विवेक, डा.अवधेश तिवारी, बृजभान सिंह, संजय भारती सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने रथ का अभिनंदन किया। इसके उपरांत श्रीगुरु सिंह सभा द्वारा गुरुद्वारे पर रथ यात्रा का सम्मान एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ओंकार सिंह सलूजा, हरविंदर सलूजा, मनजीत सिंह सलूजा सहित अनेक सिख समाज के लोग उपस्थित रहे। शिरडी साईं फैमिली द्वारा श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण





किया गया, जिसमें सी.पी. सैनी, महेश पाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बुंदेलखंड विकास सेवा की ओर से भी रथ यात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें हरीश कपूर टीटू, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कौमी एकता समिति की ओर से परवेज पठान, भारतीय किसान यूनियन की ओर से सुनील शर्मा अपनी टीम के साथ रथ यात्रा के स्वागत में शामिल हुए। प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, कल्लू, पवन संज्ञा, सुनील सैनी, अनिल सैनी सहित पत्रकार साथियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर के घण्टाघर चौराहे पर नगर पालिका परिषद द्वारा पुष्पवर्षा की गई। आटा मंदिर पर जैन समाज, धनुषधारी मंदिर पर गहोई वैश्य समाज, चित्रांश फाउंडेशन एवं श्रीवास्तव परिवार तालाबपुरा की ओर से विनय श्रीवास्तव, होटल अनुरस पर नरसिंह मंदिर समिति की ओर से हाकिम सिंह एवं परिवार तथा नारायण सिंह यादव तालाबपुरा एवं मुकेश विश्वकर्मा तालाब की ओर से रथ यात्रा का स्वागत किया गया। सायंकाल अग्रवाल रेजीडेंसी में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्री सत्य साईं सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष सचिन नेब, उपाध्यक्ष अमिताभ शरण, आध्यात्मिक समन्वयक संजय तिवारी, मध्य प्रदेश आध्यात्मिक समन्वयक सुनील, ओंकार तिवारी, निशांत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

नपाकर्मी बोले अब तो त्योहारों पर बख्शीश की तरह मिल रहा वेतन

# तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज़ कर्मचारियों ने सड़क पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नपा के खाली खजाने से सबसे अधिक आहत नगर पालिका के सफाई कर्मचारी हो रहे हैं। दिन रात मेहनत कर नगर को साफ रखने वाले इन कर्मचारियों को कभी त्योहारों के नाम पर कभी सरकारी आयोजनों के नाम पर कभी दोगुनी तो कभी तीन गुना अधिक काम लिया जा रहा है इसके बाद भी प्रोत्साहन के बजाए उल्टा वेतन नहीं देकर तिरस्कार झेलना शायद इनका नसीब बन गया है।

3 माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को नगर पालिका के गेट के बाहर सड़क पर धरना देकर विरोध जताया। धरना दे रहे कर्मचारियों का आरोप है कि अब तो नगर पालिका से हमें त्योहार पर बख्शीश की तरह वेतन मिल रहा है। कभी होली पर तो कभी दिवाली पर वेतन मिल रहा हैं। तीन माह पहले दीपावाली पर दिया वेतन आज तक नहीं दिया गया। हालांकि नगर पालिका में किसी भी कर्मचारी को 3 माह से वेतन नहीं मिला है लेकिन वेतन नहीं मिलने से जितनी परेशानी सफाई अमले को आजीविका चलाने में आती है शायद उतनी किसी और को नहीं आती होगी। इसलिए सफाई कर्मचारी ही वेतन के लिए धरना देते दिखे। कर्मचारियों का आरोप है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनसे चार गुना अधिक मेहनत कराई गई वह अपने वार्डों में सुबह और शाम सफाई तो कर ही रहे थे दिन में और रात में भी शिवपुरी रोड स्थित पर सफाई कराई गई तब कहा गया था कि गणतंत्र दिवस निपट जाने के बाद वेतन दिया जाएगा लेकिन गणतंत्र दिवस भी निकल गया और फरवरी माह आ गया वेतन अभी तक नहीं मिला है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वह उनके परिवार के पास इस वेतन के अलावा आजीविका चलाने का और कोई साधन भी नहीं है इसलिए परिवार में भूखे मरने की स्थिति आ गई है। सुबह 11:00 बजे से धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी कार्यालय समय खत्म होने तक डटे रहे। ना तो उन्हें सीएमओ की ओर से आश्वासन मिला न हीं किसी जनप्रतिनिधि ने आकर उनकी खैर खबर ली।



### आज भी छुआछूत का शिकार हो रहे सफाई कर्मी

भले ही छुआछूत मिटाने के कितने ही बड़े-बड़े दावे किए जाएं लेकिन हकीकत यह है की सफाई कर्मचारी आज भी छुआछूत का शिकार हो रहे हैं नगर पालिका में वाल्मीकि समाज के लोग ही सफाई कार्य में लगे हैं और यही उनके परिवार की आजीविका चलाने का एकमात्र साधन है इस समुदाय से जुड़े पार्षद प्रतिनिधि महावीर वाल्मीकि बताते हैं कि उनके समाज के लोगों को सभ्य माने जाने वाले लोग घर में मकान बनाने के लिए मजदूरी कराने से भी गुरेज करते हैं। सरकारी निर्माण कार्य में भी ठेकेदार मजदूरी के लिए भी उनकी जाति का चुनाव नहीं किया जाता है। हम मूंगफली का ठेला भी नहीं लगा सकते हैं क्योंकि हमें समाज अछूत मानता है ले देकर हमारे पास सिर्फ आमजन द्वारा की गई गंदगी को साफ कर आजीविका चलाना ही एकमात्र रास्ता है। और वह भी अब हमारे लिए परेशानी का सबब इसलिए बन गया है कि समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है वेतन नहीं मिलने से कई परिवार भूखे मरने की स्थिति में आ गए हैं।

### 72 लाख से 8 लाख हुई चुंगी क्षतिपूर्ति

नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों को करीब 1 करोड़ रूपया हर माह वेतन बांटा जाता है। इसमें से करीब 72 लाख रुपए तो चुंगी क्षतिपूर्ति के रूप में मिलते हैं। यह राशि शासन से आती है ज्ञात होगी चुंगी क्षतिपूर्ति नगर पालिका को मिलने वाला प्रवेश कर है जो करीब दो दशक पहले सरकार ने चुंगी नाके बंद करने के साथ देना शुरू किया था। अब प्रवेश कर टोल टैक्स के माध्यम से सरकार खुद लेती है और उसमें से चुंगी क्षतिपूर्ति के नाम पर नगर को निर्धारित राशि देती है दो दशकों में चुंगी क्षतिपूर्ति 72 लाख से बढ़कर महंगाई और बढ़ते व्यवसाय को देखते हुए दो करोड़ हो रुपए हो जाना चाहिए थी लेकिन बढ़ने के बजाय चुंगी क्षतिपूर्ति घट गई अब विगत कुछ माह से सिर्फ 8 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति के मिल रहे हैं। पर प्रश्न यह है कि यह रुपए कम क्यों आ रहे हैं इसकी जानकारी लेने या आपत्ति दर्ज कराने के लिए किसी परिषद ने अभी तक कोई प्रयास नहीं किए हैं। जिसका नतीजा कर्मचारियों को बिना वेतन के काम करने के रूप में उठाना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

कर्मचारियों का वेतन चुंगी क्षतिपूर्ति पर निर्धारित होता है। विगत कई माह से चुंगी क्षतिपूर्ति 72 लाख के बजाय सिर्फ 8 लाख रुपए आ रही है। अब इसमें से वेतन कैसे दे शासन को पत्र लिखा है या तो चुंगी क्षतिपूर्ति बढ़ा कर दे या फिर कर्मचारियों की कटौती करें शासन से जैसे निर्देश मिलेंगे वैसा किया जाएगा।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

7 से शुरू होगा पंजीयन, 7 मार्च तक चलेगा पंजीयन का काम

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के पंजीयन के लिए 33 केंद्रों का निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए श्योपुर जिले में 33 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। जहां समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 7 फरवरी से शुरू होगी, जो 7 मार्च तक चलेगी। निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। इसके साथ ही एम.पी. किसान एप के माध्यम से भी निशुल्क पंजीयन किया जा सकता है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिन 33 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है, उनमें आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था बडौदा, सेवा सहकारी संस्था बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था नयागांव तेखण्ड, सेवा सहकारी संस्था राडेप, सेवा सहकारी संस्था लुहाड, वृहत्ताकार सहकारी संस्था फिलोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड़, सेवा सहकारी संस्था ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था रघुनाथपुर, विपणन सेवा सहकारी समिति वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था नागदा, सेवा सहकारी संस्था सोई कलां, सेवा सहकारी संस्था नागरगांवडा, सेवा सहकारी संस्था आसीदा, सेवा सहकारी संस्था बिजरपुर, सेवा सहकारी संस्था ननावद, सेवा सहकारी संस्था गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था दांतरदा कलां, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोठवा, सेवा सहकारी संस्था जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरूनावदा, सेवा सहकारी संस्था पांडोला शामिल है।

जिले में 137475 मतदाताओं से जवाब तलब करने नोटिस जारी

# एसआईआर में संदिग्ध मिले मतदाताओं का वैरिफिकेशन युद्ध स्तर पर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसआईआर में जो एक लाख 37 हज़ार 475 मतदाता जिले में सस्पेक्टेड मिले हैं। उनका वेरिफिकेशन कराकर पात्र मतदाताओं को वापस मतदाता सूची में शामिल करने का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर नियुक्त किए गए 65 एआईआरओ बीएलओ के साथ मिलकर संबंधितों को नोटिस देने के साथ जवाब लेकर त्रुटियों को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। इस क्रम में जिले सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने बैठकर आपत्ति के फार्म भरे।

मध्य प्रदेश में मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का पहला चरण पूरा हो गया है। प्रारंभिक मसौदा प्रकाशित किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने मसौदा सूची से लगभग 42 लाख मतदाताओं के नाम हटाने की पहचान प्रदेश में की है, इनमें से एक दो लाख से अधिक मतदाता श्योपुर जिले में मिले हैं। इनमें मृत, डुप्लीकेट एंट्री वाले, अनुपस्थित और पते बदल चुके मतदाता शामिल हैं। जबकि 137475 मतदाताओं की जानकारी अधूरी पाई गई है, जिन्हें नोटिस जारी किए जाने का काम सोमवार से शुरू हो गया है।



### नोटिस के साथ दस्तावेज लगाकर दे सकते हैं जवाब

जिन मतदाताओं द्वारा फॉर्म में अपने 2003 की डिटेल नहीं भरी गई थी. ऐसे लोगों को नोटिस दिए जा रहे हैं. जिससे कि वह सभी अपनी डिटेल उपलब्ध करा दें. प्रशासन ने मतदाताओं को बताया कि फार्म में हाईस्कूल की मार्कशीट, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी, एससी, एसटी एवं अन्य कोई जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, प्राधिकारी द्वारा परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी कोई भी मकान आवंटन प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र सहित लगभग 13 प्रकार के दस्तावेज में से कुछ भी जमा कर सकते हैं. जिसका पूरा विवरण नोटिस में उपलब्ध है।

### इनका कहना है...

जिले मे जिन 1 लाख 37 हज़ार 475 मतदाताओं को नाम मिसमैच होने अथवा लॉजिकल मिस्टेक के चलते सत्यापित नहीं किया गया जा सका है। उन्हें सोमवार से नोटिस देकर जवाब तलब करने का काम शुरू किया गया हैं।

संजय जैन
उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर

# ढाई साल पहले 2 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ पकड़े व्यक्ति को 3 साल का सश्रम कारावास, 5 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढाई साल पहले वीरपुर थाना पुलिस के द्वारा 2 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ पकडे गए आरोपी को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने दोषी पाते 3 साल के सश्रम कारावास और पांच हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि 31 अक्टूबर 2022 को मुखबिर की सूचना पर वीरपुर थाना पुलिस ने दबिश देकर होतम सिंह निवासी चकचांद को अरेस्ट किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। विशेष न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान आरोपी होतम सिंह पुत्र पन्सु जाटव, निवासी चकचांद खाँ, थाना वीरपुर को दोषी मानते हुए उसे तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं पाँच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुना दी।

## मानपुर की रजनी का ग्वालियर में होगा निशुल्क उपचार



श्योपुर। ग्राम मानपुर निवासी 4 वर्षीय मूक बधिर बालिका रजनी का अब ग्वालियर के अग्रवाल हॉस्पिटल में निःशुल्क उपचार किया जाएगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशो के क्रम में उक्त बालिका का निशुल्क आपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किए जाने के लिए राशि स्वीकृत की गई है। आरबीएसके योजना प्रभारी स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि मानपुर निवासी 4 वर्षीय मूकबधिर बालिका रजनी पुत्री बल्लू सेन का अग्रवाल हास्पीटल ग्वालियर में निशुल्क आपरेशन कर कॉकलीयर इम्प्लांट किया जायेगा। इसी क्रम में उक्त योजना के तहत आज 6 लाख 50 हजार की राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

# महिला पर एफआईआर के खिलाफ लामबंद आदिवासियों ने किया थाने का घेराव, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



रविवार को कराहल थाना परिसर में हंगामा करने के मामले में जिस महिला और उसके परिजनों पर एफआईआर दर्ज की गई थी सोमवार को उसके समर्थन में आए सैकड़ो आदिवासियों ने कराहल थाना का घेराव कर नाम ज्ञापन थाना प्रभारी कराहल यास्मीन खान को सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 20 जनवरी को कराहल थाना में अपनी फरियाद लेकर पहुंची महिला कमला आदिवासी पर उल्टे एफआईआर दर्ज कर ली गई और उनके परिजनों को धारा 151 लगाकर जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई ओर प्रशासन की अनदेखी से जेल जाने के कारण आदिवासी समाज में डर व्याप्त हो गया है। वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिन आदिवासियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें तत्काल रिहा किया जाये जिससे समाज में कानून के प्रति विश्वास बना हुआ रह सके। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर आदिवासियों के साथ न्याय नहीं हुआ तो आदिवासी बड़ा जनांदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस संबंध में कराहल टीआई यास्मीन खान का कहना है कि किसी पर कोई गलत कार्रवाई नहीं की गई है। जो भी कार्रवाई की गई है, वह कार्रवाई नियमानुसार की गई है।

## श्योपुर की बेटी मुस्कान का अखिल भारतीय क्रॉस कंट्री मैराथन टीम में चयन



श्योपुर। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर की छात्रा मुस्कान गुर्जर का चयन जीवाजी विश्वविद्यालय की अखिल भारतीय क्रॉस कंट्री मैराथन टीम में हुआ है। मुस्कान गुर्जर ने हाल ही में संभाग स्तरीय क्रॉस कंट्री मैराथन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपना स्थान जीवाजी विश्वविद्यालय की क्रॉस कंट्री मैराथन टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया अब वो मैंगलोर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय महिला क्रॉस कंट्री मैराथन प्रतिस्पर्धा में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। मुस्कान की इस विशेषतम उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा ने बेहद खुशी जाहिर की और छात्रा से मिलकर आगामी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रभारी खेल अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विपिन बिहारी शर्मा, डॉ सुभाष चन्द्र तथा डॉ रमेश भारद्वाज ने भी छात्रा को प्रेरित किया।

# धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



3 और 4 फरवरी को पड़ने वाले शबे बरात के त्यौहार को देखते हुए नगर पालिका ने शहर के सभी धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष रूप से साफ सफाई करने का अभियान शुरू किया है। इस क्रम में सोमवार को किला बस्ती में स्थित धार्मिक स्थलों के पास साफ सफाई कर वहां जमा कचरा ट्रॉली में भर कर टचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। नगर पालिका में हेल्थ ऑफीसर अरविंद पाराशर ने बताया कि सीएमओ आरआर यादव के निर्देश पर सभी धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष साफ सफाई शुरू कर दी गई है। इस क्रम में सोमवार को किला बस्ती जैन मंदिर के पास एवं इमली वाले बाबा दरगाह के पास सफाई की गई यहां पर बड़ी संख्या में कचरा जमा था इस कचरे को ट्रॉली में भरवाकर टचिंग ग्राउंड में पहुंचाया गया साथ ही नागरिकों को समझाइश दी कि वह कचरे को सड़क पर ना फेंके डस्टबिन में रखे और कचरा गाड़ी में ही डालें इसी क्रम में विभिन्न मंदिर मस्जिदों इमामबाड़ों के आसपास साफ सफाई कराई जा रही हैं। वह खुद भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा ले रहे हैं।

बरगवां थाना क्षेत्र निवासी युवती हुई ठगी का शिकार, एफआईआर दर्ज

# एजी ऑफिस ग्वालियर में स्टेनोग्राफर की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे 1 लाख सात हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में ठगी की वारदाते रुकने का नाम नहीं ले रही है। कोई लोन के बहाना तो कोई सरकारी विभाग में नौकरी लगने के नाम पर ठगी का शिकार हो रहा है। ठगी होने का एक ताजा मामला श्योपुर जिले के बरगवां थाना क्षेत्र में सामने आया है, जहां एक आदिवासी युवती सरकारी विभाग में नौकरी लगने के नाम पर ठगी का शिकार हो गई है। नामजद आरोपी ने आदिवासी युवती से एजी ऑफिस ग्वालियर में स्टेनोग्राफर के पद पर नौकरी लगवाने के नाम एक लाख 7 हजार रूपए से अधिक की राशि ठग ली। यह मामला जब उजागर हुआ, जब युवती को रूपए दिए जाने के 10 माह बाद भी नियुक्ति संबंधी कोई नियुक्ति लेटर नहीं मिला। हालांकि इस मामले में बरगवां थाना पुलिस ने धोखाधडी की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन इस तरह के मामले आगे घटित नहीं होंगे, इसका फिलहाल कोई पता नहीं है।

बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बमोरी मदनपुर निवासी अतरी आदिवासी ने बरगवां थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि श्योपुर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी दुर्गाशंकर खरे पुत्र राम सहार खरे ने अपनी खुद की कलेक्ट्रेट श्योपुर में एक बडे पद पर नौकरी होने की बात बताते हुए उसे एजी आफिस ग्वालियर में स्टेनो ग्राफर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया और फिर दस्तावेज लेने के बाद आवेदन करने, टाइपिंग टेस्ट पास कराने, मेडिकल कराने तथा नियुक्ति पत्र दिलवाने के नाम पर फरवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक एक लाख 7 हजार 135 रूपए की राशि ऐंठ ली। लेकिन अभी तक उसे न तो नियुक्ति पत्र दिया और न ही अब वह रूपए लौटा रहा है।




### एक माह की सैलरी के नाम पर 20 हजार खाते में डाल दिए

बताया गया है कि दुर्गाशंकर खरे ने अतरी आदिवासी का भरोसा बढाने के लिए उसे एक माह की सैलरी के नाम पर 20 हजार रूपए उसके खाते में डलवा दिए, साथ ही विश्वास दिलाते हुए यह बात भी बताई कि उसकी स्टेनोग्राफर के पद पर ज्वाइनिंग करवा दी गई है। जिसकी एक माह की सैलेरी भी आ गई है। अब मैने ऐसी व्यवस्था कर दी कि तुम्हे बिना नौकरी पर जाए इस तरह सैलेरी मिलती रहेगी और तुम आगे तैयारी करती रहो।

### कई लोगों को बना चुका है इस तरह ठगी का शिकार

इस मामले में बरगवां थाना पुलिस ने जांच के बाद पीडित युवती अतरी आदिवासी की रिपोर्ट पर आरोपी दुर्गाशंकर खरे निवासी वार्ड क्रमांक 08 श्योपुर के खिलाफ धोखाधडी की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में पुलिस के सूत्र संभावना जता रहे है कि दुर्गाशंकर के जरिए ठगी का शिकार होने वाली अतरी आदिवासी ही अकेली युवती नहीं है, बल्कि अन्य कई युवतियों को भी दुर्गाशंकर इस तरह नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का शिकार बना चुका है। जिसका सही पता इस मामले की पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना के दौरान चल सकता हैं।

### तलाश की जा रही

हां, इस तरह की शिकायत आई है। इस मामले में पीडित युवती की रिपोर्ट पर दुर्गाशंकर खरे नामक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल आरोपी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। उसके पकड़े जाने पर मामले की पूरी सच्चाई पता चल पाएगी।

श्यामवीर सिंह तोमर
थाना प्रभारी बरगवां

# जयपुर में चमकी ढोढर की प्रतिभा, हॉकी में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जयपुर मे आयोजित हुई अंडर 14 नेशनल सॉफ्ट हॉकी प्रतियोगिता में श्योपुर जिले के ढोढर गांव की प्रतिभा ने भी अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि देश में मध्यप्रदेश ओर जिले के साथ साथ ढोढर का नाम भी रोशन कर डाला।

जयपुर मे आयोजित हुई अंडर 14 नेशनल सॉफ्ट हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम का नेतृत्व कर रहे ढोढर निवासी देव जंगम ने हॉकी टीम मे खेलकर शानदार प्रदर्शन किया जिसमे उनको कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। देव ढोढर निवासी देव नरोत्तम जंगम के पुत्र है जिनका चयन जयपुर मे आयोजित सॉफ्ट हॉकी टीम में हुआ था।




# आठ को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की श्योपुर जिला इकाई 8 फरवरी रविवार को दोपहर 2 बजे जिला मुख्यालय पर सीएम के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेगी। यह जानकारी आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के श्योपुर जिलाअध्यक्ष पदम सिंह मीणा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होने जिले के सभी शिक्षको से रविवार को दोपहर 2 बजे अधिक से अधिक संख्या में कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौपने के दौरान उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो व्यक्ति घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत अशोकनगर थूवोन रोड़ पर देहात थाने के समीप किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 लोगों को चोटें आई हैं। जिसकी रिपोर्ट दिनेश बघेले निवासी निवई थाना पाली जिला ललितपुर की रिपोर्ट पर से पुलिस ने अज्ञात वाहन पर मामला दर्ज किया है। इस घटना में विदेश विश्वकर्मा और दिनेश बघेले को चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कचनार थाने की पुलिस ने कालू पारदी निवासी मूडरा बहादुरा के पास से करमसी गांव के समीप 25 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने खानपुर निवासी नेतराम आदिवासी के पास से 5 लीटर और ईसागढ पुलिस से कमरजीत जाटव निवासी छपरा थाना कदवाया के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड़ निवासी नंदकिशोर ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रानू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी गोलू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लल्लू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी प्रवीण शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलम रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कनावटा निवासी निधि यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मस्तराम यादव और चार्ली यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक से मारपीट कर घायल किया

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी एक युवक को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार करा रहे घायल छोटा कुशवाह पुत्र मिश्रीलाल कुशवाह ने बताया कि हमारे घर के पास से किसी ने पत्थर फोड़ दिये। हमारा पडौसी प्रकाश और जयराम कहते हैं कि तुम ने पत्थर फोडे है और जिसको लेकर जैन मंदिर के बाहर लगे कैमरे दिखाने के लिए जब में जैन साहब के यहां गया तो उन दोनों ने मुझ पर लाठी से हमला कर दिया जिससे मुझे चोटे आई हैं। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### 25 वर्षीय युवक खाना खाते समय चूल्हे पर गिरा

**अशोकनगर।** कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम तूमैन आमखेडा निवासी गंगाराम पुत्र तुलाराम उम्र 25 वर्ष को झुलसी हुई अवस्था में उपचार के लिए लाया गया है। जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में उसे भर्ती कराया गया है जहां उपचार कराया जा रहा है। गंगाराम के चाचा कालूराम ने बताया कि युवक घर पर चूल्हे के पास बैठकर खाना खा रहा था, खाना खाते समय पर वह बेहोश होकर चूल्हे में गिर गया। उस वक्त घर की महिलाएं घर के बाहर बैठकर गीत गा रही थीं। इस दौरान जब युवक की आवाज के साथ कपड़ों के जलने की गंध उन्हें आई तो युवक की मां अंदर पहुंची और देखा कि पुत्र गंगाराम चूल्हे की जलती आग में गिरा पड़ा है। उसे तुरंत चूल्हे से बाहर उठाकर उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां युवक का उपचार किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**पिपरई।** नगर के नैनीतराम कुशवाह विधुत विभाग मे 40 वर्ष से अपनी सेवा लाईन मेन के पद पर रहकर दे रहे थे। वह विभाग में वेदाग छवि और निष्पक्ष सेवा भाव से कार्य कर रहे थे। पिपरई नगर में आज 40 वर्ष के बाद सेवानिर्वित होने पर जगह जगह उनका स्वागत किया, वह ढ़ोल बाजे के साथ घर पहुंचे, और उन्हें इस अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

---

#### केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया बजट

# बजट को लेकर किसी ने आम जन की उपेक्षा का बजट बताया तो किसी ने बजट की प्रशंसा

**अशोकनगर।** वर्ष 2026 के लिए नए आम बजट को लोक सभा में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। इस बजट को लेकर न तो टेक्स पेअर को कोई छूट दी गई है, डीजल,पेट्रोल और गैस जैसे आवश्यक आम आदमी के परिवार की वस्तुओं पर भी दाम कम करने के प्रबंध नहीं किए गए हैं। उधर दूसरी ओर 300 नई ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव बजट में किया गया है। कई वस्तुएं सस्ती होने का दावा किया गया है।

### नया आयकर अधिनियम कानूनों को सरल बनाएगा: सीए अमित गोइल




सीए अमित गोइल ने नए आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि बजट 2026 में आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन सरकार ने नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का ऐलान किया है। यह कानून नियमों को सरल बनाएगा और विवाद कम करेगा। उन्होंने कहा कि रिवाइज्ड आयकर विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर से बढ़ा कर 31 मार्च कर दिया गया है। छोटे व्यापारियों को जिनका टैक्स ऑडिट नहीं होता उन्हें रिटर्न दाखिल करने के लिए 1 माह अधिक दिया गया है, जो काबिले तारीफ है। हालांकि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट समय से दाखिल न कर पाने की दशा में 1 माह तक 75000 रुपए एवं दूसरे माह मै दाखिल करने पर 150000 रुपए की लेट फीस का नया प्रावधान जोड़ दिया गया है। अभी तक ऐसी कोई लेट फीस नहीं लगती थी, कुल मिला कर ऐसा प्रतीत होता है जैसे वित्त मंत्री लापरवाह करदाताओं को सही करना चाहती है, या फिर लेट फीस से अतिरिक्त आय निर्मित करना चाहती है।

### यह बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है: भाजपा जिला अध्यक्ष



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबका साथ, सबका विकास तथा आत्मनिर्भरता के साथ विश्व में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्तुत किया। जिसका सीधा प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में बड़ी स्क्रीन पर देखा। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह, शहर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, सलिल त्रिपाठी मनोज जैन,तुषार खैर जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी मोनू पांडा विष्णु शर्मा महेंद्र यादव मौजूद रहे। चंदेरी विधानसभा में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला टोली के सदस्य अरुण सोमानी राघवेंद्र सेंगर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह मुंगावली विधानसभा में जिला टोली के संयोजक मनीष मोदी के नेतृत्व में बड़ी स्क्रीन पर बजट को देखा बात सुना गया। जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट भविष्य के स्वर्णिम अवसरों का राजमार्ग है। बजट में चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और मूलभूत सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखा गया है,और उसकी पूर्ति के लिए बजट आवंटित किया गया है। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। और भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है। यह बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है।

### बजट में विशेष कुछ नहीं : दिनेश गुप्ता



दिनेश गुप्ता जिला-महामंत्री मध्य-प्रदेश अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त-मोर्चा एवं पेंशनर संघ ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं है। 1 अप्रैल, 2026 से नया कानून लागू होगा। स्टैंडर्ड डिडक्शन में 12 लाख 75 हजार तक कोई टैक्स देय नहीं होगा। उम्मीद थी यह बढ़कर 15 लाख तक होना चाहिए थी यह पूरी नहीं होने से निराशा ही हाथ लगी है। 'जनवरी 2026 बीतने के बाद भी आठवें वेतन आयोग को लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है जिससे सरकारी कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। कर्मचारी जानना चाहता है कि नई सैलरी कब मिलेगी और देरी होने पर एरियर मिलेगा या नहीं। वेतन बढ़ोतरी, भुगतान की टाइमलाइन और फिटमेंट फैक्टर को लेकर फिलहाल कई सवाल खुले हुए हैं। कर्मचारियों के लिए बजट मिला जुला रहा कोई विशेष खुशी की बात नहीं।

---

# खेत में आम के पेड़ से लटका मिला वृद्ध किसान का शव

**परिजनों ने कहा कि ओलावृष्टि से तबाह हुई फसल, कर्ज भी था, इसी रंज में लगाई फांसी**

**उधर, सर्वेक्षण दल के सामने स्वस्थ मिलीं फसलें पुलिस मामले की जांच में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर।

बहादुरपुर में रविवार सुबह तहसील क्षेत्र के महोली गांव में एक किसान शिवराज सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह दांगी उम्र 65 वर्ष का शव उसी के खेत में खड़े आम के पेड़ पर लटका पाया गया। किसान के गले में तौलिया का फंदा लगा हुआ था। परिजन मृत अवस्था में किसान को सिविल अस्पताल मुंगावली लेकर पहुंचे और यहां दावा किया कि बीते 27 जनवरी में जो ओलावृष्टि हुई है, उसमें किसान की चना और मसूर की फसल बर्बाद हो गई थी। किसान पर कर्जा था, इससे पहले खरीफ की फसल भी खराब हो गई थी। इसी रंज में आकर उसने मौत को गले लगा लिया। बहरहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है, हालांकि किसान के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

दूसरी ओर महोली के पटवारी सुजीत छारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर वह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ यादव के साथ खेतों पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि किसान की मौत दुखद है। किंतु महोली गांव में ओलावृष्टि नहीं हुई और न ही इससे कोई नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसान शिवराज सिंह और उसके बेटों जस्सू, राजेश और रामबाबू के पास शामिल खाते की करीब 26 बीघा जमीन है। इसमें शिवराज एवं रामबाबू के शामिल खाते की सर्वे नंबर 29/2 में कुल 2.770 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें गेहूं बोया गया है। किसान ने यह जमीन यूको बैंक मल्हारगढ़ में बंधक कर किसान क्रेडिट कार्ड लिया है। वहीं सर्वे नंबर 115/5/2 रकबा 1.254 हैक्टेयर राजेश पुत्र शिवराज के नाम से है, जिसमें गेहूं की फसल खड़ी है। यह जमीन बंधक नहीं है। इसी तरह मृतक किसान शिवराज के बड़े बेटे जसवंत के नाम से सर्वे नंबर 29/1/3 रकबा 1.416 हेक्टेयर जमीन है, जिसमें आधे रकबे में चना हैं और आधे रकबे में मसूर की फसल है। सर्वेक्षण दल के मुताबिक रविवार दोपहर में हुए सर्वेक्षण में फसलें स्वस्थ पाई गई हैं, मसूर की फसल आड़ी हो गई है लेकिन उसमें अभी फूल आ रहा है, इसलिए फिर से खड़ी हो जाएगी। किसान के पर कितना ऋण है, इसकी जानकारी नहीं है।

#### ग्रामीणों ने कहा दो मिनट बरसे ओले बारिश से हुआ नुकसान

महोली गांव में फसलों के नुकसान के संबंध में दो किसानों से बात हुई है। जिसमें यशकुमार दांगी ने बताया कि उनके पास 35 बीघा जमीन है, जिसमें चना और मसूर की फसल में बारिश से नुकसान हुआ है, उन्होंने कहा कि गांव में केवल दो मिनट ओलावृष्टि हुई थी। इसलिए ओलों के बजाय बारिश ज्यादा होने से नुकसान हुआ। इसी तरह रामराज दांगी ने बताया कि उनकी फसलों में पानी भरा रहने से नुकसान हुआ है। चना और मसूर की फसलें नाजुक होती हैं।

---

## मुस्कान अभियान के तहत कन्या छात्रावास में बालिकाओं से संवाद, सांस्कृतिक आयोजन हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिपरई में पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मुस्कान अभियान के तहत थाना प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा ने छात्रावास की छोटी छोटी बालिकाओं से संवाद किया और मुस्कान अभियान का महत्व बताते हुए कहा कि आपरेशन मुस्कान एक विशेष पहल हे जिसका उद्देश्य लापता बच्चों को खोज कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिवारों से मिलाना और उनका पुनर्वास करना है। यह एक समर्पित अभियान है। जिसे लेकर बालिकाओं से संवाद किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए।

एसआई मंदाकिनी पटेल ने मुस्कान अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल बच्चों युवाओं को समाज में फैली कुरीतियों और अन्य अपराधिक प्रवृतियों से बचाने के लिए चलाई जा रही है। बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष रूप से तैयारी कर वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेना क्यों जरूरी है। बालिकाओं से पूंछा कि आप पढ़ लिख कर क्या बनना चाहती हैं, अधिकतर बालिकाओं ने पुलिस में रुचि दिखाई।

## कलेक्टर ने टोरिया फिल्टर प्लांट पहुंचकर वाटर टेस्टिंग के दिए निर्देश



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा टोरिया फिल्टर प्लांट पहुंचकर वाटर टेस्टिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने फिल्टर प्लांट पानी की नियमित टेस्टिंग कराये जाने तथा रिकार्ड संधारित रखे जाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए। उन्होंने टंकियों की नियमित साफ साफई सहित विभिन्न वार्डो टंकियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्रदत पेयजल की सतत टेस्टिंग कराने जाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रति सप्ताह रेंडम रूप से पानी का परीक्षण तथा रजिस्टर संधारित किये जाने के निर्देश दिए।

## आईटी किड्स प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

**छत्तीसगढ़ी डांस की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया**



**बीना।** आईटी किड्स प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मां सरस्वती वंदना नन्हे छात्रों ने नृत्य के साथ प्रस्तुति दी।

राजस्थानी वेशभूषा में आए नन्हे छात्रों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन कर सम्मान किया। बच्चों के द्वारा कुहू डांस, हम साथ साथ, राजस्थानी डांस, रंभा हो, गोवा डांस, ट्राइबल डांस, छत्तीसगढ़ी डांस की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया और ऑपरेशन सिंदूर नाटक ने अतिथियों एवं दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। अतिथियों ने जूनियर ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले जियानी जैफ, धैर्य ठाकुर, अन्वी सिंघई, शिवांशु सुंदरानी, एकाग्र चौकसे, अभेद असाटी, जीयांशी जैन, प्रज्ञान को सम्मानित किया एवं जूनियर कराटे चैंपियन प्रियांश ठाकुर का मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया।

श्रेष्ठ छात्र का सम्मान अन्वी सिंघई को दिया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्वेता गिल, एवं थाना प्रभारी अनूप यादव ने भी अपने विचार रखें। आभार प्रदर्शन डायरेक्टर रचना शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेक्षा जैन, दक्ष तिवारी, पृथ्वी राय, मानवी नेमा, अरविका दूरबार, मिन्हास रैकवार, जियांशी जैन, अयांश, सर्वज्ञ शुक्ला, अयनांश बिंद, आरोही गोस्वामी, ज्ञानवी जैन,प्रियांश ठाकुर, अन्वी, अनाया तोमर, एकाग्र चौकसे ने किया।

## कलेक्टर ने बालक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बालक मैट्रिक छात्रावास अशोकनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने छात्रावास में निवासरत छात्रों से छात्रावास व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। साथ ही छात्रावास में शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में पूछा। इस दौरान उन्होने जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग अदिति सिंह को भवन की मरम्मत कराये जाने, लायेब्रेरी प्रारंभ किये जाने तथा वाटर टेस्टिंग तथा छात्रावास की समुचित साफ सफाई रखे जाने के निर्देश दिये गए।

## कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने रविवार को करीला धाम पहुंचकर आगामी मेला तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर बनने वाले पार्किंग स्थलों, विभिन्न पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समय सीमा में मरम्मत के कार्यो को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिये कि करीला धाम परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रहें यह सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान उन्होंने पेयजल,पानी की टंकियों में पानी की सप्लाई, सीता रसोई, व्हीआईपी आगमन को दृष्टिगत रखते हुए हैलीपेड स्थल निर्माण तथा अन्य मरमम्त कार्य के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गए।



भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मुंगावली इसरार खान,सीईओ आलोक इटोरिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अहिंसा, सत्य, संयम और तप मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाता है : शास्त्री



**छोटी बजरिया जैन मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ का हुआ मस्तकाभिषेक**

**बीना।** छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ के मस्तकाभिषेक का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। अभिषेक सुबह 9:30 बजे से 11 बजे तक विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मध्य प्रथम अभिषेक सौधर्म इंद्र देव बनकर महेंद्र कुमार जैन, अनिल कुमार जैन, सुनील कुमार जैन द्वारा तथा शांतिधारा गुलज़ारीलाल जैन की स्मृति में सुनील कुमार जैन (नौगांव), रमेश जैन, अनुराग जैन, मोनी आदि के द्वारा भक्तिभाव से शांतिधारा अर्पित की गई। शांतिधारा के समय संपूर्ण वातावरण शांत, भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम का संपूर्ण पूजन-विधान पं. प्रदीप जैन शास्त्री के सान्निध्य में संपन्न हुआ। संगीतकारों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय पूजन-विधान से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

इस अवसर पर पं. प्रदीप जैन शास्त्री ने भगवान श्री पार्श्वनाथ के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिंसा, सत्य, संयम और तप का मार्ग ही मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाता है। भगवान पार्श्वनाथ के उपदेश आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। अंत में शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में शीश नवाकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। कार्यक्रम में रमेश चंद्र जैन, सुनील, डॉ महेंद्र, आरके जैन, सम्यक, प्रवीण, प्रदीप, यश आदि उपस्थित रहे।

## नगर में हर्षोल्लास से निकाला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

**संत रविदास जयंती पर युवाओं में दिखा उत्साह, भजनों पर जमकर थिरके लोग**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

संत रविदास की जयंती रविवार को कस्बे में हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाई गई। इस दौरान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और भजनों का आयोजन किया गया तो वहीं शहर में संत रविदास महाराज के विमान की शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस दौरान युवाओं और बालिकाओं में खासा उत्साह नजर आया।

चल समारोह सुबह 10 बजे अंबेडकर पार्क स्थित रविदास मंदिर से प्रारंभ हुआ। इससे पहले धार्मिक अनुष्ठान, पूजा अर्चना के साथ संत रविदास की आरती उतारी गई। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस अंबेडकर पार्क पहुंच कर संपन्न हुआ। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस बार युवाओं व बालिकाओं में विशेष उत्साह और उमंग देखी गई। बालिकाएं विशेष वेशवूषा में सिर पर पगड़ी बांधीकर आगे-आगे चल रही थी।

## पिपरई में संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर परिषद पिपरई के वार्ड क्रमांक 15 बरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम संत सिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लाखन कटारिया, और विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने बताया कि गुरु रविदासजी मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इन्होंने जात पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। इस कार्यक्रम में नीतू अहिरवार, पूर्व सरपंच सैतान सिह अहिरवार, चैकीदार सुरेश अहिरवार एबं समस्त ग्राम वासी शामिल हुए।